बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय - होशंगाबाद मार्ग, भोपाल - 462 026

क्रमांक : 535 / परीक्षा / 2018 भोपाल, दिनांक : 5/12/2018

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषय :—**सत्र 2018—19 में होने वाली सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन सी.सी.टी.व्ही कैमरों की निगरानी में आयोजित करने एवं उसकी रिकार्डिंग को सुरक्षित रखने के संबंध में।**

संदर्भ :— वि.वि. का पत्र क्रमांक 175 / परीक्षा / 2018 दिनांक 08.05.2018

महोदय,

उपरोक्त विषयांतगर्त लेख है कि माननीय कुलाधिपतिजी की अध्यक्षता में संपन्न कुलपतिगण की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर आपको वि.वि. द्वारा जारी पत्र क्रमांक 175 / परीक्षा / 2018 दिनांक 08.05.2018 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि वि.वि. अध्यादेश क्रमांक 05 के प्रावधानों के अंतर्गत वि.वि. से सम्बद्ध प्राचार्य का यह उत्तरदायित्व है कि वह परीक्षाओं को सुचारू रूप से नियमों के अनुसार संपन्न कराएं। इसलिए सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को पुनः निर्देशित किया जाता है कि सत्र 2018—19 में आयोजित होने वाली सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा की सैद्धांतिक / प्रायोगिक / मौखिकीय आदि सभी परीक्षाओं का आयोजन सी.सी.टी.व्ही कैमरों की निगरानी में संपन्न कराएं एवं इसकी रिकार्डिंग को सुरक्षित रखते हुए एक प्रति विश्वविद्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। वि.वि. द्वारा आगामी परीक्षाओं हेतु गठित उड़नदस्ता से सी.सी.टी.व्ही.कैमरे के संबंध में पृथक से प्रत्येक केन्द्र का प्रतिवेदन प्राप्त किया जावेगा एवं जिस केन्द्र पर सी.सी.टी.व्ही. कैमरे की सुविधा नहीं पाई जावेगी उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
भोपाल , दिनांक 5/12/2018

पृ. क्रमांक 536 परीक्षा / 2018

प्रतिलिपिः———

1— मान.कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से मान.कुलपतिजी की ओर सादर सूचनार्थ।
2— कुलसचिवजी के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिवजी की ओर सादर सूचनार्थ।
3— अधिष्ठाता, छात्र कल्याण परिषद ब.वि.वि. भोपाल की ओर इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त के संबंध में वि.वि.फलाईग स्काव्ड को भी निर्देशित करना चाहेगें।
3— प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।
4— उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय की ओर सूचनार्थ।
5— प्रभारी परीक्षा नियत्रंण कक्ष / बेवसाइट / जनसंपर्क की ओर इस आशय के साथ सूचनार्थ कि उक्त जारी पत्र को प्रचारित / प्रसारित किया जाना सुनिश्चित करेगें।
6— अनु.अधि / कक्ष अधिकारी / कार्यसहायक परीक्षा / गोपनीय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7— निजी नस्ती।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल